दिन–शनिवार दिनांक– 27 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

02. राज्य सरकार ने जमीन निबंधन में होने वाले फर्जीवाड़े और धांधली को रोकने के लिए प्लॉट की जीआईएस मैपिंग करवाने का फैसला किया।

03. कैमूर पहाड़ी पर स्थित रोहतासगढ़ किला और रोहेतेश्वर धाम के बीच निर्माणाधीन रोप–वे ट्रायल के दौरान क्षतिग्रस्त। मामले की जांच के दिये गये आदेश।

04. और, सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ उनसठवां प्रकाश पर्व आज। पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में हो रहा मुख्य समारोह का आयोजन।

————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। सात दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबौर और औरंगाबाद राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे। इधर, आज सुबह पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, बक्सर, सुपौल, सहरसा, खगड़िया, किशनगंज और कटिहार समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में घना से अत्यंत घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने आज उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों में शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। कल पटना हवाई अड्डे से दस विमानों का परिचालन रद्द कर दिया गया। वहीं, चालीस विमानों के परिचालन में देरी हुई। दरभंगा हवाई अड्डे से सभी चौदह विमानें रद्द रहीं। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ है।

————————————————————————

कड़ाके की ठंड और घने कुहासे को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाओं में शैक्षणिक कार्य को तीस दिसम्बर तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। वहीं, नालंदा में दसवीं तक जबकि

भोजपुर जिले में आठवीं तक की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियों पर इकतीस दिसम्बर तक रोक लगा दी गयी है। गोपालगंज में आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को अट्‌ठाईस दिसम्बर और शिवहर जिले में उनतीस दिसम्बर तक बंद कर दिया गया है।

———————————————————————

भारतीय रेलवे ने वर्ष दो हजार तीस तक अड़तालीस प्रमुख शहरों में रेलगाडियों की परिचालन क्षमता दोगुना करने की योजना बनाई है। इनमें पटना, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, भोपाल और पुरी शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने कहा है कि इससे आने वाले वर्षों में यातायात की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता मिलेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने जमीन निबंधन में होने वाले फर्जीवाड़े और धांधली को रोकने के लिए प्लॉट की जीआईएस मैपिंग करवाने का फैसला किया है। निबंधन विभाग के डीआईजी सुशील कुमार सुमन ने बताया कि इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्लॉट के अक्षांश–देशांतर के साथ तस्वीर भी अपलोड करनी होगी ताकि प्लॉट का सत्यापन हो सके। उन्होंने बताया कि जीआईएस तकनीक के माध्यम से जमीन संबंधी सूचनाओं का डिजिटलीकरण और मैपिंग के साथ भौगोलिक संदर्भों का सटीक विश्लेषण सम्भव हो सकेगा।

———————————————————————

विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम के प्रावधानों के बारे में आम लोगों को जानकारी देने के लिए कल प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में बताया गया कि यह अधिनियम मनरेगा से किस प्रकार अलग और बेहतर है। लोगों को यह जानकारी दी गयी कि अधिनियम के द्वारा प्रतिवर्ष ग्रामीण परिवारों को अब एक सौ दिन की जगह एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गयी है। तय अवधि में काम नहीं देने पर राज्य सरकार निर्धारित दर और शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता का भुगतान करने के लिए बाध्य होगी।

———————————————————————

वर्ष दो हजार पच्चीस भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस वर्ष ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा। विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में पेश हैं वर्ष दो हजार पच्चीस में कराधान क्षेत्र में भारत की प्रगति पर एक रिपोर्ट –

———रिपोर्ट———

———————————————————————————————————

कैमूर पहाड़ी पर स्थित रोहतासगढ़ किला और रोहेतेश्वर धाम के बीच निर्माणाधीन रोप—वे का टावर और ऊपरी स्टेशन ट्रायल के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रायल में लगी चार ट्रॉली भी क्षतिग्रस्त हो गयी। मामले की जांच के लिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाई गयी है। यह कमिटी चौबीस घंटे के अन्दर अपनी रिपोर्ट देगी।

———————————————————————————————————

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ उनसठवां प्रकाश पर्व आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य समारोह पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में आयोजित किया गया है। प्रकाश पर्व को लेकर विशेष दीवान सजाया गया है। शबद—कीर्तन और गुरूवाणी से पूरा वातावरण गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

प्रकाश पर्व पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खांन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को गरू गोविंद सिंह जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी शौर्य, साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनके जीवन से हमें एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना के साथ सच्चाई के राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने प्रकाश पर्व समारोह के सफल आयोजन की मंगल कामना की है।

———म्यूजिक———

———————————————————————————————————

आकाशवाणी पटना की ओर से प्रकाश पर्व पर आज सुबह नौ बजकर बीस मिनट से ग्यारह बजकर बीस मिनट तक तख्त श्री हरिमंदिर साहिब से शबद कीर्तन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस प्रसारण को राष्ट्रीय हुकअप पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा प्रकाश पर्व समारोह पर आधारित तीस मिनट का एक विशेष रेडियो रिपोर्ट आकाशवाणी पटना पर रात्रि आठ बजे से प्रसारित किया जाएगा।

———————————————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थानों में कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए दिशा—निर्देश जारी किये हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के

आलोक में जारी दिशा–निर्देशों में कहा गया है कि कुत्तों का प्रवेश रोकने के लिए हर संस्थान में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए। य

———————————————————————————

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, एनआईटी पटना का चौदहवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में चौदह विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा। आठ सौ तेईस छात्र और एक सौ पंचानवे छात्राओं को उपाधि प्रदान की जायेगी।

———————————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि बिहार परिचारिका सम्वर्ग में कार्यरत कर्मियों को मातृत्व अवकाश की स्वीकृति उनके संस्थान प्रमुख देंगे। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————————————

सुपौल में फर्जी सिम बॉक्स के माध्यम से साईबर ठगी के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। गृह विभाग ने बिहार पुलिस से यह केस सीबीआई को स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जुलाई महीने में सुपौल के गौसपुर से एक फर्जी सिम बॉक्स साईबर ठगी गिरोह का खुलासा हुआ था, इसके तार, थाईलैंड, कम्बोडिया, चीन और वियतनाम जैसे देशों से जुड़े थे।

———————————————————————————

पटना के गर्दनीबाग थाने की पुलिस ने साईबर ठग गिरोह के अन्तरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। यह गिरोह म्यूल खाते से देश–विदेश रूपया भेजता था। मामले में तेरह आरोपियो की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

कृषि विभाग की टीम ने पूर्वी चम्पारण जिले के बनकटवा प्रखंड अन्तर्गत रेगनिया और अगरवा गांव में छापेमारी कर एक हजार नौ सौ छप्पन बैग उर्वरक जब्त किया है।

———————————————————————————

भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के दाउदवाट से पुलिस ने दिल्ली पुलिस परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत चम्पी गांव में अपराधियों ने खलिहान में सो रहे किसान दम्पति की हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जरलहिया बहियार स्थित जंगली मंडल टोला से एसटीएफ और पुलिस की टीम ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखता है–गंगा की सहायक नदियों की स्वच्छता का अध्ययन। बिहार सहित चार राज्यों में नमूना एकत्र कर रही वन्य जीव संस्थान की टीम।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– प्रकाश पर्व में आने वाले श्रद्धालुओं को नहीं हो किसी प्रकार की समस्या।

प्रभात खबर की सुर्खी है– समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी और कैमूर के कमलेश को पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार।

दैनिक भास्कर ने अपनी एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में लिखा है– बिहार में बिजली बिल डिफॉल्टरों पर गाज, पचास लाख उपभोक्ता, नौ हजार पांच सौ करोड़ का बकाया बिल, कटेगी बिजली।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– पीएम की अध्यक्षता में मुख्य सचिवों का सम्मेलन आज से।

आज अखबार लिखता है–कड़ाके की ठंड से कांपा बिहार।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

02. राज्य सरकार ने जमीन निबंधन में होने वाले फर्जीवाड़े और धांधली को रोकने के लिए प्लॉट की जीआईएस मैपिंग करवाने का फैसला किया।

03. कैमूर पहाड़ी पर स्थित रोहतासगढ़ किला और रोहेतेश्वर धाम के बीच निर्माणाधीन रोप–वे ट्रायल के दौरान क्षतिग्रस्त। मामले की जांच के दिये गये आदेश।

04. और, सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ उनसठवां प्रकाश पर्व आज। पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में हो रहा मुख्य समारोह का आयोजन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।